तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 16 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस, बच्चों ...

10 आठ सांसद और एक दर्जन विधायक नहीं भेद ...


# जनजातीय नायकों के योगदान और उनके गौरवशाली इतिहास को किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बेमेतरा नगर पालिका टाउन हॉल में जिला स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव थे।

■ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक गजेंद्र यादव

अति विशिष्ट अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू और साजा विधायक ईश्वर साहू उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। कार्यक्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित राजेन्द्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका विजय सिन्हा सहित आदिवासी समाज के पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर किया। उन्होंने जनजातीय नायकों के योगदान और उनके गौरवशाली इतिहास का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने जनजातीय समाज की संस्कृति, प्रकृति पूजा, और धार्मिक आस्थाओं को रेखांकित करते हुए उनके प्रेरणादायक योगदान को याद किया।

## जनजातीय गौरव दिवस पर बेमेतरा में हुआ जिला स्तरीय समारोह



### योजनाओं का लाभ आदिवासी समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी



श्री यादव ने कहा कि जनजातीय समाज के उत्थान, विकास और समृद्धि के लिए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आदिवासी समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है। केंद्र और राज्य सरकार दिनों जनजातीय समाज के विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं, जिनका लाभ समाज को मिल रहा है। समारोह में अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी जनजातीय समाज के विकास और योगदान पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आम नागरिक उपस्थित रहे। जनजातीय गौरव दिवस के इस अवसर ने जनजातीय समाज की संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को पुनः स्मरण किया।

### पदाधिकारियों, बुजुर्गों व प्रतिभाओं का किया गया सम्मन

इस मौके पर मुख्य अतिथि ने समाज के पदाधिकारियों, बुजुर्गों का शाल-श्री फल से सम्मान किया। समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और नकद राशि से सम्मानित किया। वहीं शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजना के हितग्राहियों को बीज मिनी किट, राशन कार्ड, प्रधान मंत्री आवास (ग्रामीण) की चाबी व स्वीकृति पत्र आदि का वितरण किया। वहीं, उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के कर्मचारियों को भी सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### छिरहा में भगवान सहस्रबाहु अर्जुन जयंती कार्यक्रम आज

**बेमेतरा/दाढ़ी।** ग्राम छिरहा में 16 नवंबर को तहसील स्तरीय भगवान सहस्रबाहु अर्जुन जयंती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल होंगे। वहीं, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, विशिष्ट अतिथि तथा समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा मौजूद रहेंगे। ग्राम प्रमुख दिनेश जायसवाल एवं बेमेतरा मंडलेश्वर अशोक जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम शनिवार सुबह 08 बजे भगवान सत्यनारायण एवं भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा अर्चना से प्रारंभ होगी। उसके बाद 10:30 बजे से सामाजिक सभा होगी। दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक भोजन अवकाश रहेगा। उसके बाद दोपहर 1 बजे से भव्य शोभायात्रा ग्राम नवागांवकला चौक से प्रारंभ होगी। शाम 4 बजे से मंत्री व स्वजातीय बंधुओं का मंचीय स्वागत व उद्बोधन होगा। उसके बाद मुख्य कलाकार प्रेमानंद चौहान कृत पिरित के रानी कार्यक्रम प्रारम्भ होगी।

### फंदे पर लटकती मिली युवक की लाश

**बालोद।** पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकते हुए युवक का शव मिला है। पुलिस ने शव की पहचान देवारभाट गांव के नंदलाल यादव के रूप में की है। कोतवाली पुलिस के अनुसार युवक की उम्र करीब 17–18 वर्ष बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार नंदलाल यादव नाम के युवक देवउठनी एकादशी के दिन से अपने घर से निकला था, जिसकी लाश शुक्रवार को पाकुरभाट स्थित आरटीओ विभाग के पीछे एक खेत में पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकते हुए मिला है। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। युवक ने आत्महत्या जैसे घातक कदम क्यों उठाया, यह जांच का विषय है।

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी जेल दाखिल

**बालोद।** नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीया नाबालिग लड़की को उसी के गांव के एक युवक बहला-फुसलाकर उसे अपने साथ घुमाने ले गया और शारीरिक संबंध बनाया। नाबालिग ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। उसके बाद परिजनों ने घटना की रिपोर्ट में कोतवाली में दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए आरोपी युवक को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### सूर्योदय से पहले लगाई लोगों ने आस्था की डुबकी

**बालोद** । शुक्रवार को लोगों ने सूर्योदय से पहले आस्था की डुबकी लगाई। लोगों ने सुबह 4 बजे से ही नदी व तालाबों में पहुंचकर कार्तिक स्नान कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर दीप दान की परंपरा निभाई। कार्तिक पूर्णिमा को सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र दिनों में से एक माना जाता है। यही वजह है कि शुक्रवार को लोगों ने भारी संख्या में नदी व तालाब में पवित्र स्नान किया।

## जयंती : सिख समुदाय ने हर्षोल्लास से मनाई गुरुनानक जयंती

# प्रकाश पर्व पर निकाला नगर कीर्तन, जलाए दीप, अटूट लंगर में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्थानीय सिख समाज द्वारा श्री गुरु नानक देव जयंती प्रकाश पर्व के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गई। श्री गुरु नानक देव की 555 वें प्रकाश पर्व के अवसर पर सिख समाज की ओर से सप्ताह भर से अलसुबह नगर में नगर कीर्तन निकाला गया।

■ समाज के लोगों ने बंद रखे व्यावसायिक प्रतिष्ठान

दोपहर 2 बजे अटूट लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सिख समाज समेत अन्य समाज के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा में दिन भर भजन कीर्तन होता रहा। शाम करीब 5 बजे समाज के लोगों ने शहर के गुरु गोविंद सिंह चौक पर श्री गुरुनानक देव की 555 जयंती पर दीपक जलाए। दीपक की रोशनी से चौक जगमगा उठा। वहीं, वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी फ़तेह के नारों से माहौल भक्ति में हो उठा। चौक पर दीप प्रज्वलित करने के दौरान बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, पुरुष, बच्चे व युवा शामिल हुए। गुरु नानक जयंती के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने समाज के लोगों ने अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रखें।

### वाहे गुरु के नारों से गूंज उठा गुरुद्वारा



### विधायक दीपेश ने गुरुद्वारे पर टेका मत्था

विधायक दीपेश साहू ने गुरु नानक जयंती के अवसर पर बेमेतरा नगर के सिंधी कॉलोनी एवं पंजाबी पारा स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेका और अरदास की। उन्होंने गुरू नानक जयंती की पर क्षेत्रवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। विधायक श्री साहू ने कहा कि गुरू नानक जी का जीवन समाज को एकता, सद्भाव और शांति कायम करने के साथ मानवता के मूल सिद्धांतों, करूणा और न्याय की ओर ले जाता है। उनके उद्देश्यों को हम सभी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इससे समाज के बेहतर भविष्य का निर्माण होगा। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, ओबीसी मोर्चा जिलाअध्यक्ष राजू देवांगन, विकास तम्बोली, युगल देवांगन, ओमेश्वरी साहू, कन्हैया सेन, सिख समाज के लोग उपस्थित रहे।

### सिंधी समाज ने निकाली प्रभात फेरी



**बेमेतरा।** सिंधी समाज ने शुक्रवार को गुरु नानक जयंती प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत में सुबह 4 बजे समाज के लोगों ने गुरु नानक देव जी की प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी सिंधी गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर परशुराम चौक पुराना बस स्टैंड दुर्ग रोड होते हुए वापस सिंधी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे में समाप्त हुई। उसके बाद 10 बजे सिंधी कॉलोनी स्थित दोनों गुरुद्वारों में भोग साहब लगाया गया एवं जगजीत सिंह द्वारा भजन कीर्तन कार्यक्रम किया गया। उसके बाद दोपहर 1 बजे आम लंगर प्रारंभ हुआ, जिसमें समाज सहित अन्य समाज के लोगों ने भी महाप्रसादी ग्रहण की। शाम को कार्तिक की कथा की गई, जिसमें समाज की महिलाओं ने भाग लेकर कथा का श्रवण किया। इसी तरह रात्रि 8 बजे लंगर एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम एवं लकी ड्रा का कार्यक्रम भी किया। इन सभी कार्यक्रमों में पूज्य सिंधी पंचायत बेमेतरा के अध्यक्ष लालचंद मोटवानी समाज के संरक्षक प्रकाश सुखवानी सुरेश तेजवानी बृजलाल गंगवानी मोतीलाल पिंजानी जगदीश रोहरा दीपक हिरानी प्रकाश शितलानी मनोज मंगवानी राकेश दयानी रवि मोटवानी काली पिंजानी नारायण छाबड़ा अशोक मंगवानी दीपक मोटवानी एवं महिलाओं में अनीता मंगवानी बबीता रोहरा जानकी मेघवानी दीपा दयानी मंजू मोटवानी सपना संतवाणी किरण मोटवानी रेखा खियलानी जिया खियलानी कृष्ण सुखवानी मीरा खियलानी दिव्या छाबड़ा मीना मोटवानी डिंपल लालवानी ममता लखानी उपस्थित थे।



### नवागढ़ में धूमधाम से मनाई गई गुरुनानक देव की जयंती

**नवागढ़।** शुक्रवार को शहर में गुरुनानक देव का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवागढ़ स्थित गुरुद्वारे में भजन-कीर्तन सत्संग का आयोजन किया गया। साथ ही आम लंगर का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सभी समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर भक्तों ने गुरुद्वारे में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। सोमवार को सुबह सहज पाठ हुआ, जिसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, फिर अरदास का आयोजन हुआ। उसके बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया और आम लंगर का आयोजन किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान ने गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर मत्था टेका तथा कीर्तन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। श्री दीवान ने प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु नानक देव के ज्ञान का प्रकाश आज भी पूरी मानवता को प्रकाशित कर रहा है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानवता, वैश्विक बन्धुत्व, एकता और सेवा का जो संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि गुरुओं के सिद्धांतों पर चलने से ही जीवन धन्य होता है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों और महानायकों की कुर्बानी से ही देश का अस्तित्व कायम है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, देवादास चतुर्वेदी, गिरेन्द्र महिलांग, मधु रॉय, कुलदीप सिंह, गुरबचन सिंह, जगदीश सिंह, मोहन सिंह, त्रिलोक सिंह, संतोष सिंह सहित नगरवासी उपस्थित रहे।



# विकासखंडस्तरीय खेल प्रतियोगिता में महिलाओं व युवतियों ने दिखाई प्रतिभा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बेरला स्थित स्टेडियम में विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 18 वर्ष से 35 वर्ष से कम आयु वर्ग में वालीबॉल, हॉकी, रस्साकशी, खो-खो व एथलेटिक्स विधाओं में लगभग 300 प्रतिभागी सम्मिलित हुईं।

■ खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने बेरला स्थित स्टेडियम में किया आयोजन

खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन व समापन समारोह के मुख्य अतिथि अंजनी प्रीतम चंदेल अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला थीं। इस दौरान उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए अपनी ओर से नकद पुरस्कार के साथ-साथ सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। खेल प्रतियोगिता के अवसर पर अतिथियों में बलराम पटेल मंडल अध्यक्ष बेरला, राहुल टिकरिहा सभापति जिला पंचायत बेमेतरा, वैष्णव उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत बेरला, भारत भूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, मानक चतुर्वेदी नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत बेरला, पार्षदगण लक्ष्मीलता वर्मा, राजेश दुबे, प्रदीप ठाकुर, शिवझड़ी सिन्हा, बलराम यादव, आशीष सोनी, अमृत महेश्वरी, सन्तोष साहू, गौकरण साहू उपस्थित रहे। इसके अलावा जागेन्द्र साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेरला व जयप्रकाश करमाकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेरला के मार्गदर्शन में एके उइके सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, नारायण ठाकुर एबीईओ, खोमलाल साहू बीआरसी, कमल साहू, भूपेंद्र वैष्णव, राकेश साहू, सोमप्रभ श्रीवास, वंदना लौउत्रे, निधी शर्मा, तुलसी साहू, हेमचन्द भेषले, विनोद परगनिहा, अशोक साहू, गोवर्धन मरकाम सहित विकासखण्ड के समस्त पीटीआई व शिक्षक कुशल साहू, गोविंद मौजूद रहे। मंच संचालन यशपाल सिंह राजपूत व मयंक सिंह राजपूत ने किया।

# रुद्र महायज्ञ के लिए किया गया भूमिपूजन



**बेमेतरा।** शहर स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में सपाद लक्षेश्वर धाम निर्माण सेवा समिति द्वारा शुक्रवार दोपहर 12 बजे प्रस्तावित रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के लिए भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद के हाथों संपन्न हुआ।

स्वामी जी ने बताया कि संपूर्ण क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि एवं मंगल कामना के उद्देश्य को लेकर के लिए इस रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस विशाल यज्ञ का आयोजन 7 से लेकर 15 दिसंबर तक होगा। 9 दिवसीस इस आयोजन में सभी वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि सबकी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही साथ आयोजन की विशालता के लिए सभी वर्गों का सहयोग भी अपेक्षित है। स्वामी जी ने बताया कि भूमि पूजन के उपरांत यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा की तैयारी शुरू कर दी जाएगी तथा नियत तिथि पर निर्माण कार्य पूरा कर श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया जाएगा। भूमिपूजन के अवसर पर बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, पार्षद नीतू कोठारी, अविनाश तिवारी, गौतम चंद जैन, प्रणीश चौबे, शत्रुघ्न साहू, अजय मिश्रा, प्रभात शर्मा, संजीव तिवारी सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

## अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिए

# झालम में सीएम साय करेंगे गौ-अभयारण्य का लोकार्पण, कलेक्टर शर्मा ने देखी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा शुक्रवार शाम जिले के झालम स्थित गौ-अभयारण्य में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों के साथ पहुंचे।

उद्देश्य कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की देखना था। मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ज़िला और पुलिस प्रशासन के साथ पीडब्ल्यूडी, पीएचई, पशु चिकित्सा,सेवाये, हार्टिकल्चर, कृषि, पीएमजेएसवाई और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौ-अभयारण्य में सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाए, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और स्वच्छता सुनिश्चित करना शामिल हैं। उन्होंने गौ-अभयारण्य की साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था, और दर्शकों के बैठने की उचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तात्कालिक तौर पर आने-जाने के लिए बनायी गई पुलिया आदि को देखा हेलीपैड, वाहन पार्किंग आदि व्यवस्थों की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे सभी आपसी समन्वय बनाए रखें, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या या व्यवधान उत्पन्न न हो। इस अवसर पर कलेक्टर ने गौ-अभयारण्य का दौरा भी किया और तैयारियों का जायजा लिया।



### कार्यक्रम को सफल बनाना सभी की जिम्मेदारी, लापरवाही बिल्कुल न हो

कलेक्टर श्री शर्मा ने हैलीपैड स्थल, सभा स्थल आदि का निरीक्षण किया। कहा कि मुख्यमंत्री के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाना सभी की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो इस बात का ध्यान रखने कहा। उन्होंने ऊबड़-खाबड़, गड्ढों आदि का समतलीकरण, बरसाती नाले पर पाइप आदि बिछाकर आने-जाने का रास्ता बनाने के भी निर्देश दिये।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### सिख समाज ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, दिया न्योता

**रायपुर।** सिख समाज के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में जाकर मुलाकात की। इसी दौरान समाज के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व पर खालसा स्कूल के आयोजन में आमंत्रित किया। मुलाकात करने वालों में भाजपा नेता मनमोहन चावला, लवली अरोड़ा, मोनू सलूजा, सोनू सलूजा, नरेंद्र सलूजा समेत सिख समाजजन शामिल थे।

### जोगी ने महतारी वंदन की राशि बढ़ाने किया आग्रह

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कहा, आधी आबादी, नारी शक्ति के लिए हमारे पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और झारखंड में लोकप्रिय योजना लाड़ली बहन, लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 1500 रुपए प्रदान किया जाता है।

### गुरुनानक देवजी ने दिया भाईचारे का संदेश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुनानक देव की जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने प्रदेशवासियों को, विशेषकर सिख समुदाय के लोगों को गुरुनानक देवजी की जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुरुनानक देवजी की जयंती को गुरुपरब और प्रकाश पर्व के रूप में उल्लास के साथ मनाया जाता है। गुरुनानक देवजी ने विश्व को प्रेम, एकता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया है। उनके उपदेश हम सभी को प्रेम और सद्भाव के साथ सेवाभाव से जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं।

### नवनियुक्त अधिकारियों को दी जानकारी

**रायपुर।** केंद्रीय भूजल बोर्ड के 26 नवनियुक्त वैज्ञानिक अधिकारियों के एक वर्षीय प्रवेश प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के चौथे बैच का उद्घाटन समारोह गुरुवार को राजीव गांधी भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में किया गया। इस मौके पर आरजीएनजीडब्ल्यूटीआरआई के क्षेत्रीय निदेशक निधीश वर्मा ने अपने स्वागत भाषण में सभी प्रशिक्षु अधिकारियों का स्वागत किया तथा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की पृष्ठभूमि, उद्देश्य और आयोजन के बारे में बताया तथा प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि केंद्रीय भूजल बोर्ड और केंद्रीय जल प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. एसके अंबस्ट ने भी प्रशिक्षुओं को उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता की शुभकामनाएं दीं। और उन्हें समर्पण और निष्ठा के साथ काम करने तथा यह सुनिश्चित करने की याद दिलाई कि संगठन द्वारा उनके पूरे प्रशिक्षण अवधि में किए गए प्रयास, प्रशिक्षुओं की कार्रवाई और व्यावसायिक प्रतिबद्धताओं के माध्यम से उचित रूप से परिलक्षित होनी चाहिए। उसके बाद एक वर्षीय प्रवेश स्तरीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रथम बैच का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय भूजल बोर्ड के 12 ग्रुप ए वैज्ञानिक अधिकारी शामिल थे, जिन्हें प्रशिक्षण पूरा होने के प्रमाणपत्र और पदक प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में आरजीएनजीडब्ल्यूटीआरआई के संकाय सदस्य और अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगरीय निकायों में अटल परिसर बनाने जल्द मंगाए गए प्रस्ताव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों जैसे नगर निगम, पालिका और पंचायतों में अटल परिसर बनाए जाने हैं। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्तों और सभी सीएमओ को जारी आदेश में कहा है कि अटल परिसर बनाने के लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजें। यह काम तेजी से हो सके, इसलिए पूर्व में जारी निर्देशों की एक कंडिका हटाई गई है। अटल परिसर निर्माण के संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कहा है कि अधोसंरचना मद के अंतर्गत प्रावधिक स्वीकृति कंडिका क्रमांक 1 से 10 की शर्तों के अधीन प्रदाय किया गया है।

# नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए केंद्र ने मंजूर किए 230 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 230 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत स्वीकृत इस राशि से सभी नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अधोसंरचना और तकनीकी व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाएगा। इससे राज्य में अपशिष्ट प्रबंधन और ज्यादा पुख्ता तथा टिकाऊ होगी। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के इस सहयोग के लिए भारत सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा, इस राशि से शहरों में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को नया आयाम मिलेगा। यह राज्य के प्रत्येक नगरीय निकाय को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा स्वीकृत इस राशि से प्रदेश के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अपशिष्ट प्रबंधन के इन्फ्रॉस्ट्रक्चर को बेहतर और स्थाई बनाया जाएगा। इससे राज्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक तकनीकी, भौतिक और मानव संसाधन जुटाए जाएंगे, जिससे न केवल स्वच्छता की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि नागरिकों को भी बेहतर पर्यावरणीय सुविधाएं मिलेंगी।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अधोसंरचना को मजबूत किया जाएगा




### स्वच्छता के लिए हो सभी नागरिकों की भागीदारी : साव

उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विगत दिनों अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों के लिए राशि मंजूर करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि इस पहल से छत्तीसगढ़ को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने स्वच्छता को हर नागरिक के दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर देते हुए कहा कि संपूर्ण स्वच्छता के लिए सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

### 22 नवंबर को दिल्ली में होने वाली समीक्षा बैठक तक जारी रहेगा सदस्यता अभियान

# आठ सांसद और एक दर्जन विधायक नहीं भेद सके सदस्य बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दस हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। इसी के साथ तीन दर्जन विधायक भी लक्ष्य को पार करने में सफल हुए हैं, लेकिन अब भी जहां 8 सांसद लक्ष्य से कोसों दूर हैं, वहीं करीब दर्जनभर विधायक भी लक्ष्य तक नहीं पहुंचे हैं। वैसे तो सदस्यता अभियान की डेड लाइन शुक्रवार को समाप्त हो रही है, लेकिन 22 नवंबर को दिल्ली में समीक्षा बैठक है। ऐसे में तब तक सदस्य बनाने का समय रहेगा। दिल्ली में फैसला होगा कि सदस्यता अभियान को कब समाप्त करना है।

प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए विधायकों के लिए 10-10 हजार का लक्ष्य तय किया है, वहीं सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। सभी मंत्री अब दस हजार का लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। सबसे पहले दयालदास बघेल ने दस हजार का लक्ष्य पार किया था। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। इसके बाद लक्ष्मी राजवाड़े ने अपना लक्ष्य प्राप्त किया। इस समय उनके खाते में 20 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ ही प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, लखन लाल देवांगन और रामविचार नेताम भी सदस्य बनाने के लक्ष्य के पार हो गए हैं।



### तीन सांसद ही बने 20 हजारी

प्रदेश में भाजपा के दस लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद हैं। इनमें से एक मात्र केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही जहां सबसे पहले दस हजार के पार पहुंचे, वहीं इसके बाद उन्होंने 20 हजार का लक्ष्य भी पार कर लिया है। इसके बाद महासमुंद की सांसद और सदस्यता अभियान की सदस्य रूपकुमारी चौधरी ने पहले दस हजार का आंकड़ा पार किया और फिर 20 हजार का अपना लक्ष्य भी प्राप्त कर लिया। तीसरे सांसद सरगुजा के चिंतामणी महाराज हैं जिन्होंने अपना लक्ष्य प्राप्त किया है। सदस्य बनाने के मामले में सरगुजा ही पहले नंबर पर है। यहां पर एक लाख 20 हजार बन गए हैं। सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव भी सरगुजा के हैं। 8 सांसद तो 20 हजार क्या दस हजार सदस्य भी नहीं बना सके हैं।

### ये विधायक भी लक्ष्य के पार

प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं। सबसे पहले दस हजार का आंकड़ा पार करने वाले पहले विधायक कुरूद के अजय चंद्राकर रहे हैं। सबसे ज्यादा सदस्य बनाने के मामले में भिलाई वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने बाजी मार ली है। उनके खाते में 35 हजार से ज्यादा सदस्य हो गए हैं। इसी के साथ भावना बोहरा के खाते में 20 हजार से ज्यादा सदस्य है। अन्य विधायकों में रोहित साहू, नीलकंठ टेकाम, गजेंद यादव, इंद्र कुमार साहू, शकुंतला पोर्ते, अनुज शर्मा, धरमलाल कौशिक, लता उसेंडी, गोमती साय, रेणुका सिंह, पुन्नूलाल मोहले, प्रेमचंद पटेल, राजेश अग्रवाल, ललित चंद्राकर, आसाराम नेताम, अमर अग्रवाल, उद्देश्वरी पैकरा, दीपेश साहू, संपत अग्रवाल, गुरु खुशवंत साहेब, योगेश्वर राजू सिंहा, किरण देव सिंह, प्रणव कुमार, रायमुनी भगत, धर्मजीत सिंह, भैयालाल राजवाड़े ने भी दस हजार का लक्ष्य पार कर लिया है।

# पहले दिन जिले में 6513.80 मीट्रिक टन धान की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का गुरुवार से आगाज हो गया। पहले दिन समितियों द्वारा किसानों से 6513.80 मिट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इन किसानों द्वारा टोकन लिया गया था।

धान खरीदी के पहले दिन खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने भी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के लिए की गई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभाग के अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ख्याल रखें। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस वर्ष जिले में पंजीकृत किसानों की कुल संख्या 139275 है। पंजीकृत किसानों द्वारा कुल 142043.88 रकबा हेक्टेयर में धान की फसल लगाई गई है। इनमें धान बेचने वाले किसानों की संख्या 1975 है। बेचे गए धान का रकबा 1255.31 है। इस तरह पंजीकृत रकबे के विरुद्ध खरीदे गए धान की मात्रा 6513.80 टन है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जिले में धान खरीदी अच्छे तरीके से हो किसी भी प्रकार की गड़बड़ी ना हो, पंजीकृत किसानों से ही धान खरीदी हो।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**रायपुर।** जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया और किसानों से मिलकर जानकारी ली। श्री वर्मा ने बताया कि आज से पूरे प्रदेश में धान खरीदी की शुरुआत हुई है। किसान अपना धान, धान खरीदी केंद्रों में ले जाकर बेच रहे हैं, शुरुआत में धान की आवक कम है। 70% छोटे किसानों का खरीद रहे हैं, जबकि 30% दीर्घ किसानों का खरीदने का आदेश है। कई खरीदी केंद्रों में छोटे किसानों का धान नहीं पहुंचा है, ऐसी स्थिति में बड़े किसानों का धान खरीदी का अनुपात बढ़ाना चाहिए। मूरा सहकारी समिति का निरीक्षण किया, किसानों एवं समिति प्रबंधक से जानकारी ली, धान तौलाई की भी जानकारी ली।बड़े किसानों ने जानकारी दी कि छोटे किसान का अभी धान आया नहीं है, बड़े किसानों का 30% लिया जा रहा है। समिति में प्रतिदिन खरीदी का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो पा रहा है, ऐसी स्थिति में बड़े किसानों का धान तैयार है तो खरीदी के लिए आदेश करना चाहिए, ताकि खरीदी तय सीमा में की जा सके। निरीक्षण के दौरान सौरभ मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष, पाल पूर्व सरपंच, पप्पू नायक, राजू अली, दीपक साहू, भगवाली सहित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### संजय बोले- पारदर्शिता लाने सरकार ने किया है शराब के लिए एप लांच



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने शराब के लिए आबकारी विभाग द्वारा 'मनपसंद' एप लॉन्च किए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोशल मीडिया प्लेटपार्म पर आई टिप्पणी को कोरा प्रलाप बताते हुए कहा, शराब के कारोबार को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर कोई भी टिप्पणी करने से पहले बघेल को कम-से-कम अपने गिरेबां में तो झांक लेना था। शराब घोटाला और हजारों करोड़ रुपए के दीगर घोटाले करने वाली कांग्रेस सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को ऐसी टिप्पणियां करने पर शर्म महसूस करनी चाहिए।

### क्यूसी प्लेटफार्म से खुदरा व्यापारियों के लिए अस्तित्व का संकट

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने किराना स्टोर्स को निशाना बनाने वाले क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स द्वारा नियामक उल्लंघनों को उजागर करने के लिए श्वेत पत्र जारी किया है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से कहा है प्रदेश के 1 लाख से अधिक किराना स्टोर्स का असमान बाजार प्रतिस्पर्धा के कारण व्यापार करना असंभव हो गया है। क्यूसी प्लेटफार्म से खुदरा व्यापारियों के लिए अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है। कैट ने नई दिल्ली में एक श्वेत पत्र जारी किया, जिसमें क्विक कॉमर्स (क्यूसी) प्लेटफॉर्म्स जैसे ब्लिंकिट, इंस्टामार्ट, ज़ेप्टो, स्विगी के उन कार्यों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, जो भारत की खुदरा अर्थव्यवस्था की नींव को कमजोर कर रहे हैं, जहां प्रदेश सहित देश के 3 करोड़ किराना स्टोर्स का टिक पाना लगभग असंभव हो गया है।

### किसान की कृषि भूमि चारागाह में शामिल, बेच नहीं पा रहा धान कलेक्टर से शिकायत

**रायपुर।** खरोरा के ग्राम सिर्री निवासी एक किसान पिछले कई वर्षों से अपने खेत का धान उपार्जन केंद्र में बेच नहीं पा रहा है। किसान ने इसकी शिकायत दर्जनों बार कलेक्टोरेट में की है, लेकिन उसकी समस्या का निराकरण अब तक नहीं किया गया है। किसान केसरी लाल सिन्हा ने बताया कि ग्राम सिर्री में उसकी 14 एकड़ 35 डिसमिल भूमि है, जिसका खसरा नंबर 242/1 है। इस भूमि पर वह पिछले 40 वर्षों से धान की खेती करता आ रहा है, लेकिन उसकी भूमि को चारागाह में शामिल कर दिया गया है। इसके कारण वह अपनी भूमि पर उत्पादन किए गए धान को समर्थन मूल्य पर बेच नहीं पा रहा है। किसान का कहना है कि अपनी भूमि का अभिलेख सुधारने के लिए उन्होंने कलेक्टोरेट एवं तहसील कार्यालय में कई बार आवेदन किया है, लेकिन अब तक बंदोबस्त त्रुटि सुधारा नहीं गया है। किसान ने बताया कि 24 अक्टूबर को भी अपनी मांग को लेकर कलेक्टोरेट जनदर्शन में आवेदन दिया है, जिसे मार्क करके संबंधित एसडीएम को भेजा गया है, लेकिन अब तक इस मामले में कोई निराकरण नहीं किया गया है।

# सादगी की प्रतिमूर्ति और सिद्धांत के पक्के थे व्यासजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीगोपाल व्यास की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज सभागार में राज्यसभा के पूर्व सांसद एवं प्रख्यात समाजसेवी स्व. श्रीगोपाल व्यास की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि व्यासजी सादगी की प्रतिमूर्ति और अपने सिद्धांत के पक्के व्यक्ति थे। उनका निधन छत्तीसगढ़ के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अंतिम बार मुझे केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डाजी के साथ उनके निवास पर जाने का मौका मिला था, जहां श्रीगोपाल व्यासजी से मुलाकात हुई। जब हम उनसे मिलने पहुंचे तो 90 वर्ष की आयु में भी वे अत्यंत गर्मजोशी से हम लोगों से मिले। यह उनकी आत्मीयता को दर्शाता है। बचपन से मैं उनके विषय में सुना करता था। कुनकुरी के पं. देवकी महाराज के साथ व्यासजी मीसाबंदी रहे। मैं अक्सर जेल के अनुभव उनसे पूछता था। वे उनकी सादगी के बारे में बताते थे। जब मैं सांसद बना, तब व्यासजी से प्रत्यक्ष मिलने का सौभाग्य मिला। उनसे मिलकर एहसास हुआ कि जो कुछ उनके विषय में सुना था, वो शत-प्रतिशत सही था। वे सादगी की प्रतिमूर्ति थे। सादा जीवन उच्च विचार की पंक्तियां उनके लिए सटीक हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर स्व. व्यास को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से शोकसंतप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।



### संत की तरह जीवन जीया : बृजमोहन

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि व्यासजी का जीवन देखकर नहीं लगता था कि वे गृहस्थ जीवन जी रहे थे। उन्होंने संत की तरह जीवन जीया। राज्यसभा सदस्य रहते हुए भी वे सामान्य जीवन जीते थे। वे हर कार्यकर्ता की चिंता करते थे। बड़े दायित्व में रहते हुए वे सामान्य रूप से रहते थे। उन्होंने कभी किसी की सहायता नहीं ली। उनके जीवन से कर्त्तव्य के प्रति समर्पण और देशसेवा की सीख मिलती है। वे अंतिम समय तक सक्रिय रहे और उन्होंने अहर्निश सेवा का कार्य किया।

### ध्वजारोहण के साथ सहकारी सप्ताह का शुभारंभ


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ के चौबे कॉलोनी स्थित मुख्यालय में गुरुवार को 71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर ध्वजारोहण के बाद उपस्थितजनों द्वारा सहकारी गीत का गायन किया गया। देश की सर्वोच्च सहकारी संस्था, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली द्वारा इस वर्ष अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के लिए मुख्य थीम 'विकसित भारत के निर्माण में सहकारिताओं की भूमिका' रखी गई है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ के प्रबंध संचालक एनआरके चंद्रवंशी ने सहकारी सतरंगा ध्वज फहराया। इसी दौरान श्री चंद्रवंशी ने सहकारी सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, आज के विषय 'सहकारिता मंत्रालय की नई पहलों के माध्यम से सहकारी आंदोलन को सशक्त बनाने' पर केंद्र एवं राज्य सरकारें कार्य कर ही हैं।

# नान के गोदामों में हजारों मीट्रिक टन चावल जाम पड़ा समय पर भंडारण-वितरण नहीं, इसलिए स्पेस की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के (नान) गोदामों में हजारों मीट्रिक टन चावल जाम पड़ा हुआ है। वहीं पिछले वर्ष के कस्टम मिलिंग का हजारों क्विंटल चावल अभी जमा नहीं हो पाया है। यह चावल चालू माह के अंत तक इन गोदामों में पहुंच जाएगा, जिसके बाद गोदामों में स्पेस की और कमी हो जाएगी। इधर जिले में गुरुवार से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी शुरू हो गई है। इस खरीदी के साथ उपार्जन केंद्रों से कस्टम मिलिंग वाले धान का उठाव भी शुरू कर देंगे। इस उठाव के बाद धान की छंटाई कर चावल को नान में जमा करने का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। ऐसे में नान के गोदामों में स्पेस की कमी का असर धान खरीदी एवं धान उठाव पर भी पड़ सकता है। ये दोनों काम प्रभावित हुए, तो किसानों की समस्या भी बढ़ सकती है। धान खरीदी प्रभावित होने से किसान समय पर अपना धान बेच नहीं पाएंगे। धान की खरीदी शुरू हो गई है। ऐसे में नान के गोदामों में नया चावल रखने के लिए कितना स्पेस है, इसकी हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की।



### 30 नवंबर तक करना है जमा

पिछले वर्ष का कस्टम मिलिंग का अब तक शत प्रतिशत चावल जमा नहीं हुआ है। करीब 6 प्रतिशत चावल अभी जमा होना शेष है। विभाग ने आखिरी मौका देते हुए 30 नवंबर तक अवधि बढ़ाई है। इसके बाद भी जमा नहीं किया गया, तो मिलरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेंगे।

**- भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक

### एफसीआई के गोदामों में भी 2 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न पड़ा

*गुढ़ियारी स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन (एफसीआई) के गोदामों में भी 2 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न का स्टॉक पड़ा हुआ है। यहां की शाखा प्रबंधक कमली मिश्रा ने बताया कि यहां भी अलग-अलग साइज के 9 गोदाम हैं, जिनकी भंडारण की क्षमता 13572 मीट्रिक टन है। इन गोदामों में एक गोदाम में दवाइयां रखी हुई हैं, वहीं शेष 8 गोदामों में चावल, शक्कर एवं नमक का भंडारण किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 3 सौ मीट्रिक टन खाद्यान्न का स्टॉक गोदामों में है। डिमांड आने पर खाद्यान्न की डिलीवरी की जाती है। नई धान खरीदी के कस्टम मिलिंग का चावल दिसंबर की पहली तारीख से आना शुरू होगा, तब तक गोदामों में पर्याप्त स्पेस हो जाएगा। उन्होंने बताया कि एफसीआई का अन्य जगहों पर भी गोदाम है। सबसे बड़ा मंदिर हसौद में है, जहां 40368 मीट्रिक टन खाद्यान्न रखने की क्षमता है। इस तरह किसी भी तरह स्पेस की कमी नहीं होगी।*

# ईवीएम मशीनों को जमा करने एवं एंट्री का काम आधी रात तक चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईवीएम मशीनों को सेजबहार स्थित स्ट्रांगरूम में सील किया गया है। 13 तारीख को हुए मतदान के बाद मतदान दलों का रात करीब साढ़े 7 बजे से स्ट्रांगरूम पहुंचना शुरू हो गया था, जो देर रात तक चला। सबसे आखरी मतदान दल रात करीब 11:35 बजे स्ट्रांगरूम पहुंचा था, लेकिन स्ट्रांगरूम पहुंचने के बाद भी ईवीएम मशीनों को जमा कराने में आधी रात बीत गई। स्ट्रांगरूम के प्रभारी अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि रात करीब 2 बजे ईवीएम मशीनों को जमा कर एंट्री की गई। इसके बाद ही स्ट्रांगरूम को अधिकारियों की मौजूदगी में सीलबंद किया गया। स्ट्रांगरूम का दरवाजा अब सीधे मतगणना के दिन खोला जाएगा।



### 266 मतदान केंद्रों में हुई वोटिंग

दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए 266 मतदान केंद्रों में वोटिंग हुई। स्ट्रांगरूम के प्रभारी अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि वोटिंग के बाद मतदान दलों का स्ट्रांगरूम में लौटने का सिलसिला देर शाम से शुरू हुआ, जो रात करीब 11.35 बजे तक चला।

खबर संक्षेप



## कोहंगाटोला विद्यालय में सरपंच छगन लाल ने कराया न्योता भोज

**बालोद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोहंगाटोला में सरपंच छगन लाल साहू ने बच्चों को न्यौता भोज कराया। न्यौता भोजन का उद्देश्य समुदाय का स्कूल के प्रति लगाव एवं बच्चों को सशक्त बनाना है। इस अवसर पर युवराज सिन्हा, सुरेन्द्र सिन्हा, अरुण सोनकर, देवेन्द्र गंगवंशी, प्राचार्य आरएस भुआर्य, प्रधानपाठक अमर भुआर्य, सुनील गुप्ता, केके यादव, पवन कुंभकार, डीके कस्तुरे, गीताजंलि कमल, संतोषी शांडिल्य, श्वेता मेश्राम, तिलोका बाई, सितेश बाई, भुनेश्वरी सिन्हा उपस्थित थे।

## शासकीय विद्यालय खलारी में बाल दिवस पर कराया न्योता भोज



**बालोद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खलारी क्रमांक 2 एवं शासकीय प्राथमिक शाला खलारी क्रमांक 2 के शिक्षकों द्वारा बाल दिवस के अवसर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर तथा केक काटकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पास के स्कूल के शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया। न्यौता भोज में संकुल समन्वयक नन्नू राम धनकर, शिक्षक संतोष कुमार रावटे, विजेन्द्र विश्वकर्मा, सुरेश कुमार कोठारी, खिलावन ठाकुर, देवप्रसाद भूआर्य, चन्द्रकला पटेल, लता ठाकुर एवं बच्चे उपस्थित थे।

आयोजन

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्म दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

# हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस, बच्चों ने दी कार्यक्रमों की प्रस्तुति, लगा बाल मेला







हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 14 नवंबर को बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत डौंडीलोहारा अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू थीं, अध्यक्षता प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने की। विशिष्ट अतिथि लीलेंद्र कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनभागीदारी व विकास समिति ,विद्या शर्मा अध्यक्ष शिक्षा समिति नगर पंचायत डौंडीलोहारा, सोहद्रा देवांगन पार्षद,शेख आदिब सिद्दीकी ,रेखराम साहू, चुनेश्वरी सिन्हा, सदस्य जनभागीदारी समिति, श्री बघेल, सरस्वती बाई खत्री पालक, हिमांशु मिश्रा बीईओ, दिनेश कुमार मालेकर बीआरसी, भागवत राम इंदौरिया प्राचार्य रानाखुज्जी, सदाराम खांडेकर प्राचार्य जेवरतला, मोहित भौसार्य संकुल समन्वयक , लोकेश्वर सिंह निषाद शिक्षक सहित समस्त पालकों की उपस्थिति में भव्य रूप से मनाया गया। स्वागत भाषण में व्याख्याता दुकालू राम साहू ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लोकेश्वरी साहू ने कहा कि बाल दिवस बच्चों का दिन है। इसको अभी बच्चों को बहुत ही शांति व उल्लास के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने सुंदर कविता द्वारा बाल दिवस की महिमा पर प्रकाश डाला। विद्यालय की व्यवस्था के लिए उन्होंने 15 नग प्लास्टिक कुर्सी प्रदान की। अध्यक्षीय उदबोधन की कड़ी में विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मेश्राम ने बाल दिवस पर बच्चों के अनुशासन पर प्रकाश डाला गया। आशीष वचन प्रदान करते हुए लीलेंद्र कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनभागीदारी व विकास समिति के द्वारा बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य विधाओं पर भी फोकस करने हेतु कहा गया उन्होंने कहा कि आप सभी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर ना कि विद्यालय अपितु सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रविंद्रनाथ योगी व सहायक शिक्षक हेमंत साहू ने तथा आभार ज्ञापन अविनाश कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में व्याख्याता रामसहाय देशमुख,वीरेंद्र कुमार भंडारी, पुष्पा कटेंद्र, संगीता वैदे, छाया नंदा, रीना मंडल, डुप्ले साहू, एनुका शार्वा, तेजेश्वरी साहू, लवण कुमार साहू, भूपेंद्र कुमार पटेल, सौरभ शर्मा, सूर्योदय मानिकपुरी, डामन देशमुख, भारती साहू, गिरीश साहू सहित समस्त पालकगण व बच्चे उपस्थित थे।

## पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में मनाया गया बाल दिवस



**अंडा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डीएमसी अनुराग त्रिवेदी ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर विस्तार से जानकारी दी। बीआरपी परमेश्वर साहू ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से जहां बच्चों को जानकारी मिलती है, वहीं शाला को नई पहचान मिलती है। बाल दिवस के अवसर पर नृत्य, फैंसी ड्रेस, खेल, ड्राइंग, पेंटिंग, रंगोली, बाल मेला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बाल मेला में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए थे। गुपचुप, भेल, अमरूद का सलाद, मटर भेल, भजिया, आलू भजिया बनाकर उनकी दुकानें लगाईं। इनका आनंद सभी शिक्षकों के साथ ही जिले से आए उच्च अधिकारी एवं पालकों ने लिया। कार्यक्रम में जिला से डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, एपीसी सिन्हा, विकासखंड से बीआरसी किशोर साहू, बीआरपी परमेश्वर साहू, शिक्षाविद कृपा राम पटेल, अध्यक्ष प्रह्लाद चंद्राकर, अध्यक्ष गीता देशलहरे, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू, खेदूराम चंद्राकर, प्रधान पाठक लीना देवांगन, प्रधान पाठक धनेश्वरी साहू, शिक्षक महेंद्र कुमार साहू, हीरा लाल साहू, राकेश कुमार साहू, दशेन्द्र कुमार साहू, मंगलीन ठाकुर, गीतिका देशमुख सहित बच्चे उपस्थित थे।

## खुटेरी (खे) में बच्चों ने लगाए स्टॉल



**बालोद/सिकोसा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुटेरी (खे) में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारी पालक गण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बाल मेला में स्कूली छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी व्यंजनों एवं अन्य सामग्रियों के स्टाल लगाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्राचार्य श्वेता पाण्डेय, बाल मेला प्रभारी धेनुषा साहू कार्यक्रम को संयोजित करने वाले जेआर साहू, विनीता मिश्रा, शिल्पी डे, पुष्पलता साहू, ज्योति महांदिया, रोशनी नेताम, उमेश देशमुख, आरके वैद्य, एचएल ठाकुर, डीके सिनहा का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य एवं स्टाफ द्वारा शालेय छात्र–छात्राओं को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

## भैंसबोड़ में लगा बाल मेला



**बालोद।** बाल दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसबोड़ में मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही बाल मेला का आयोजन भी किया गया, इसके तहत बच्चों ने विभिन्न स्टॉल लगाए। इस उपलक्ष्य में सेवानिवृत्त व्याख्याता एसएस नेताम, धर्मपत्नी मीना देवी नेताम ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भैंसबोड़ के बच्चों को नेवता भोज कराया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य आरएस रायपुरिया, प्रधान पाठक एलके नेताम, शिक्षक शिक्षिकाएं तथा शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा में मनाया गया बाल दिवस



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य फलदेव साहू थे, मुख्य वक्ता आचार्य सुखीत राम कलिहारी थे। विशेष अतिथि कामता प्रसाद साहू, मनोहर साहू, चितेश्वरी साहू, लिलेश्वरी साहू, रंजना सिन्हा, टुमेश्वरी पटेल, छबीलता पटेल उपस्थित थे। मुख्य वक्ता सुखीत राम कलिहारी एवं सभी अतिथियों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के भईया-बहिनों ने गीत कविता, भजन, चुटकुला, जनउला की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन दीदी टुमेश्वरी पटेल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल भारती के पदाधिकारी लिपिका मरकाम, याचना साहू, कुमकुम साहू, नेवेंद्र साहू, प्रियांशु पटेल, निहाल सिंह एवं हिमांशी ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बच्चों ने दिखाई प्रतिभा हुए सम्मानित

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के कबड्डी के मैच के साथ हुई। इसमें बालिका वर्ग में कक्षा 9वीं- 11वी की टीम ने कक्षा 10वी-12वीं की टीम को तथा बालक वर्ग में कक्षा 10वी-12वी की टीम ने कक्षा 9वी-11वीं की टीम को हराया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम शीतल विश्वकर्मा, द्वितीय विभा, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम भावना बंबोडे, द्वितीय आकांक्षा, चित्रकला में प्रथम स्थान ईशा ठाकुर, द्वितीय स्थान शालिनी ढालेंद्र, कक्षा सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम ग्यारहवी विज्ञान, द्वितीय ग्यारहवीं कला तथा समस्त कक्षाओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। बच्चों ने नृत्य व नाटक का मंचन किया। इसके तहत एकल वर्ग में प्रथम स्थान डिंपल, द्वितीय स्थान तुमेश तथा सामूहिक वर्ग में प्रथम स्थान गरिमा पटेल एवं साथी, द्वितीय स्थान टिकेश्वरी एवं साथी ने प्राप्त किया। बच्चों ने लजीज व्यंजनों के स्टॉल लगाए। इसमें प्रथम स्थान मानसी ठाकुर और साथी ग्यारहवीं विज्ञान, द्वितीय स्थान सौलीहा सिद्दीकी और साथी बारहवीं कला ने प्राप्त किया। सम्पूर्ण प्रतियोगिता के विजेताओं को विद्यालय प्रबंधन व विकास समिति के द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय के गौरव जिन बच्चों ने पढ़ाई के अलावा अन्य विधा जैसे खेलकूद, विज्ञान, साहित्य सहित विभिन्न विधाओं में जिला, संभाग व राज्य स्तर की प्रतियोगिता में सहभागी बने बच्चों का सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया।

# शासकीय विद्यालय अंडा में बाल दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंडा एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंडा में 14 नवंबर को प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरु के जन्मदिवस को बाल दिवस के रुप में मनाया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए शिक्षक केके सिन्हा के सहयोग से वाद्य यंत्रों के साथ सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। वेश भूषा में फैंसी ड्रेस, कविता, गीत, भाषण, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ तथा दक्षिण भारत की संस्कृति पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। शिक्षकों और शिक्षिकाओं द्वारा शालेय गतिविधियों पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। इसमें शिक्षकों ने छात्र-छात्राएं बनकर आने वाली कक्षा की विभिन्न समस्याओं को प्रस्तुत किया। बाल दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों के सहयोग से शाला के सभी बच्चों को पेन व बिस्कुट पैकेट बांटा गया।





सवाल हमारे ,जवाब आपके में सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को पेंसिल पाउच इनाम के रूप में दिया गया। इस कार्यक्रम में एसएमडीसी के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, एसएमसी अध्यक्ष खोरबहारा राम निर्मलकर, शिक्षाविद् डीपी चंद्राकर, सेवा निवृत्त व्याख्याता सीएल चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि फेंकू चंद्राकर एवं सदस्य उपस्थित थे। सभी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कार्यक्रम की सराहना की। प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों प्रधान पाठक विजय लक्ष्मी राव, कविता लिमजे, सुधा चेलक, रेणुका चंद्राकर, संजय सिन्हा, एसके सेन, स्वाति कोठारी रंजन देवधार, नाज़नीन खान, सीमा शर्मा, भोज साहू, विभा दुबे व लोकेश देशमुख का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका स्वाति कोठारी ने किया।

### बच्चों ने लगाए स्टाल

बाल मेला में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने भेल पापड़ी, पानी पुरी, चाइनीज पकौड़ा, समोसा, गुलाबजामुन, रसगुल्ला, शरबत व मीठा पान के स्टॉल लगाए। खेल गतिविधियों में गिलास निशाना, टब बॉल, रिंग निशाना, अंक मिलान जैसे खेल रखे गए।

## बीएसपी में गैस रिसाव पीड़ितों की हालत में सुधार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में बुधवार को गैस रिसाव की हुए हादसे के बाद प्रबंधन ने सेफ्टी उपाय बढ़ा दिए हैं । वहीं गैस रिसाव से पीड़ित दो मजदूरों की हालत में सुधार हो रहा है। घटना की जांच भी शुरु कर दी गई है।

Gomti THRESHERS
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ैप
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट • कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) • स्पीच थेरेपी
9659 455 455
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

KS GROUP PUNJAB | INDIA
BOOK NOW
KS 9300 SELF PROPELLED COMBINE HARVESTER
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

## कंठी धारण कर सतनाम पंथ में लौटा परिवार

**गुण्डरदेही।** कुछ दिनों से तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही द्वारा समाज एकीकरण का पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसके तहत समाज से भटके परिवारों को पुनः सामाजिक धारा में प्रवेश कराया जा रहा है।

समाज के गणपत बांधे ने अपने परिवार के साथ गुरु के मार्गदर्शन का पालन करने के लिए संकल्पित होकर कंठी धारण किया। बता दें कि गलत संगत के प्रभाव से सभी परिवार के साथ गणपत बांधे बीते कुछ वर्षो से सतनाम पथ के विचारों को अनदेखा व अलग रहकर सतनामी समाज से पृथक किसी दूसरे धर्म को मानने लगे थे जिसकी सूचना ग्राम राहुद संत समाज ने तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही के अध्यक्ष नीलकंठ टंडन को आवेदन देकर समाजिक बैठक रखने का आग्रह किया। इस पर बैठक 10 अक्टूबर को रखा गया था। तहसील अध्यक्ष नीलकंठ टंडन, संरक्षक गोपाल दास बंजारे, मानसिंह देशलहरा, छबीलाल बंजारे, संगठन सचिव बालाराम कोसरे, प्रेमदास टंडन, प्रभू राम टंडन, अठगांवा अध्यक्ष तुमन श्याम सुंदर और राहुद ग्रामीण अध्यक्ष परमानंद नारद, संतराम जोशी, थानू राम बांधे संत समाज की उपस्थिति में जैतखाम में सामाजिक रीति रिवाज से गणपत बांधे एवं उनके सभी सदस्यों ने बाबा गुरु घासीदास की मंगल आरती कर कंठी, जनेव, अमृत पान कर और दुबारा इस प्रकार सतनाम पंथ से नहीं भटकने की बात स्वीकार कर, समाज में शामिल होकर जीवन को सार्थक करने के संकल्प लिया।

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुंहासे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया
अर्टिकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पेड़ों की सुरक्षा के लिए लगाई जा रही दोहरी जाली

**गुण्डरदेही।** पेड़ों को जानवरों से बचाने की कवायद कर रहे पर्यावरण प्रेमी केशव राम साहू ने दोहरी जाली बांधकर सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। अब तक उन्होंने सार्वजनिक स्थल पर लगभग 400 बरगद, पीपल, नीम, कदम, आम, गुलमोहर आदि का पौधारोपण कर चुके हैं, जो बड़े होकर छाया प्रदान कर रहे हैं।

### मनौद में बच्चों ने की आंवला पेड़ की पूजा



**बालोद।** ग्राम मनौद में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम के नन्हे बच्चों ने आंवला पेड़ की पूजा-अर्चना की। जहां बच्चे सुबह सूर्योदय के पहले ही उठकर नदी, तालाबों में नहाकर आंवला पेड़ के नीचे व्यंजन बनाकर आंवला पेड़ की पूजा की। इस दौरान सामुहिक भोज का आनंद लिया।

### राजौली में जिपं सदस्य पुष्पेंद्र ने किया धान खरीदी का शुभारंभ



**बालोद/कलंगपुर।** जिले में धान खरीदी के पहले दिन गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम राजौली में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने पूजा-अर्चना के बाद तौल कांटे में पुष्प चढ़ाकर धान तौल का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने वहाँ उपस्थित किसानों से उनका कुशलक्षेम जाना तथा खरीदी केंद्र प्रभारी को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर चंद्राकर ने सभी किसानों को शुभकामनाएं दी और कहा कि भाजपा सरकार की किसान हितैषी नीतियों के तहत 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है, जो किसानों के लिए एक बड़ी राहत है एवं कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव भी है। छत्तीसगढ़ देश का इकलौता ऐसा राज्य है, जहां किसानों को धान का सर्वाधिक मूल्य मिल रहा है।

जयंती : जिला मुख्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों में हुए विविध आयोजन

# बाल दिवस के रूप में मनाई गई देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं नेहरू की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा




शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल सिंघोरी में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई।

इस अवसर पर प्राथमिक स्कूल शाला विकास समिति के अध्यक्ष पोषण वर्मा एवं सदस्य हेमलाल वर्मा जीतू, दास मानिकपुरी पहुंचे। उन्होंने बच्चों को सेब फल व मिठाई बांटकर बाल दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष पोषण वर्मा ने बच्चों को पढ़ाई लिखाई एवं शिक्षकों के बात मानने, माता-पिता पालक की बातों ध्यान से सुनने एवं अनुसरण करने को कहा। उन्होंने

विज्ञान, सामाजिक विज्ञान से संबंधित कुछ प्रश्न बच्चों से पूछे और सही जवाब देने वाले छात्र को उन्हें पुरस्कार स्वरूप राशि देकर सम्मानित किए। इसके पश्चात का अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज एवं डिप्टी कलेक्टर दिव्या पुटाई द्वारा न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में तीनों संस्था के बच्चों ने बैठकर भोजन प्राप्त किया। इस दौरान खीर पूड़ी, पापड़, दाल, चावल आचार का वितरण किया गया। न्यौता भोजन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे ,विकासखंड स्रोत समन्वयक राजेंद्र साहू, जिला परियोजना अधिकारी नरेंद्र वर्मा, एपीसी भूपेंद्र साहू नीलय पांडेय, संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे एवं पूनम साहू और हाई स्कूल प्राचार्य रामगोपाल चंद्राकर प्रधान पाठक मीनाक्षी शर्मा शशिकला यादव, सरस्वती साहू, आगेश्वरी साहू, राजेश्वरी ठाकुर, देवेंद्र साहू नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल रंजू पांडे, अमरिका पांडे, किरण खरे एवं लक्ष्मी साहू उपस्थित रहे।

## ऋष्यन इंग्लिश मीडियम स्कूल सम्बलपुर में बच्चों ने लिया बाल मेले का आनंद




**नवागढ़।** ऋष्यन इंग्लिश मीडियम स्कूल सम्बलपुर में पंडित नेहरू की जयंती पर बाल मेले का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। उसके पश्चात पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए मेले का शुभारंभ किया गया। अतिथियों के द्वारा छात्रों की ओर से लगाए गए स्टालों को देखते हुए स्वादिष्ट व्यंजन चखकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

अतिथियों ने बताया कि बच्चे देश के भविष्य हैं तथा बाल दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें सुरक्षित माहौल देना और शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देना है।

विशिष्ट अतिथि दिनेश सोनी जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, मुंगेली, संदीप ताम्रकार नगर संघ चालक मुंगेली, ब्रह्मदत त्रिपाठी सह सचिव अशासकीय विद्यालय संचालक संघ व सहमंत्री विश्व हिन्दु परिषद मुंगेली, पुहुप राम साहू प्रदेश अध्यक्ष राम प्रभात फेरी परिवार, पदुमराज सिंह सोलंकी जिला संपर्क प्रमुख विश्व हिन्दु परिषद मुंगेली, रामजीवन वर्मा, मदन वर्मा, हरीराम वर्मा, मनहरण साहू, हनुमान प्रसाद तिवारी, नरेन्द्र चौबे, जगदीश्वर नवरंग, रोशन वर्मा आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन दीपमाला तिवारी ने किया। कार्यक्रम का समापन संस्था के चेयरमैन जीपी मिश्रा ने सभी अतिथियों तथा अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। मेले का बच्चों एवं अभिभावकों ने खूब आनंद उठाया।



## नारायणपुर में शुरू हुई धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर के सेवा सहकारी समिति में समर्थन मूल्य में धान खरीद की 14 नवंबर को शुरुआत की गई। 31 जनवरी 2025 तक धान खरीदी की जाएगी। जहां धान खरीदी के लिए सोसाइटी में बारदाना एवं तोलने के लिए तराजू की व्यवस्था की गई है। जहां पहले दिन धान खरीदी केंद्र में तीन किसानों ने 462 क्विंटल धान का तौल कराया गया। बता दें कि यहां 1353 पंजीकृत किसान हैं। धान खरीदी की शुरुआत इलेक्ट्रॉनिक कांटे की विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। इस अवसर पर समिति प्रबंधक पंकज ठाकुर, इंजीनियर उदित यादव,भाजपा कार्यकर्ता लालन यादव, अभिषेक शर्मा, अनिल मिश्रा, सरपंच बिसाहू राम साहू, गेंद वर्मा, हेमसाहू, प्रदीप साहू, अरुण साहू, दीपक साहू, शंकरसाहू, चंद्र कुमार, लेख राम साहू, सहित भारी संख्या में किसान सहित लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकाली गई भोलेबाबा की बारात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

देवउठनी एकादशी के साथ ही शहर के सिविल लाईन कचहरी पारा में गौरी गौरा विवाह विधि विधान से कराया गया। शिवजी की बारात निकाली गई। रात भर बारात व उत्सव का कार्यक्रम जारी रहा।सिविल लाईन कचहरी पर मुख्य मार्ग होते हुए नया बस स्टैंड होते हुए बांधा तालाब पहुंचे जहां पर विसर्जन किया गया। समिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सेन, सरक्षक फेरु साहू, संरक्षक नाथू राम सेन, गुलशन ठाकुर, श्रीकांत गोस्वामी, दीपक बाग, मूलचंद साहू, मिथिलेश यादव, लाल मिस्त्री, ईश्वर साहू, वैभव तिवारी, रूद्रमणि गबेल, बिप्पू यादव, बिसेन्द साहू, मोंटी रजक, रामेश्वर साहू, तुलेश रजक, प्रफुल्ल चंदेल, भोकु साहू, पदमा मेडे, बिमला वर्मा, मालती रजक, सहोद्रा सेन सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

जिला मुख्यालय सहित अंचल में जनजातीय गौरव दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

# भगवान बिरसा मुंडा ने जल-जंगल व जमीन को बचाने के लिए लड़ी लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी/बालोद

स्थानीय पुलिस मैदान में जनजातीय समाज के प्रतीक चिन्हों का स्टॉल लगाकर जानकारी दी गई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय डोंडी के पुलिस मैदान में किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअली जुड़कर संबोधित किया।

उन्होंने बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका और उनकी प्रेरणादायक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान बिरसा आज भी हमारे समाज में एक आस्था के प्रतीक बने हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। डोंडी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग ने मां सरस्वती के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डोंडी लोहारा विधायक अनिला भेड़िया, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना देवी देशलहरा, उपाध्यक्ष मिथलेश नूरटी, जनपद अध्यक्ष बसंती दुग्गा, उपाध्यक्ष पुनीत राम सेन, नगरपंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी, उपाध्यक्ष डॉ रूपेश नायक, कलेक्टर इंद्र जीत चंद्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संजय कन्नौज एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे।

भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष सिर्फ सामाजिक और आर्थिक शोषण के खिलाफ नहीं था, बल्कि यह अपनी संस्कृति, अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा के लिए एक महाक्रांति थी। उनकी विरासत हमें सिखाती है कि अपनी जड़ों से जुड़कर, आत्म-सम्मान के साथ आगे बढ़ना ही सच्ची प्रगति है। आज हम इस जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर उनकी प्रेरणादायक शिक्षाओं को याद करते हुए यह संकल्प लें कि हम सभी मिलकर उनके सपनों को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे देश के राष्ट्रपति और प्रदेश के मुख्यमंत्री जनजाति समुदाय से हैं, जिससे हमें गर्व का एहसास होता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनजाति समाज की उन्नति और समृद्धि के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के इतिहास के अध्ययन करने का सुझाव दिया।

## दाढ़ी में शुरू हुई धान खरीदी...



**दाढ़ी।** धान खरीदी केंद्र में धान की ढेरी की पूजा अर्चना भाजपा नेता राजेश जैन, रोहित साहू, विनय अवधेश दुबे, श्रीवास हरिशंकर, टीकम बंजारे व हेमंत बंजारे की मौजूदगी में खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस दौरान तहसीलदार कंवर ने धान खरीदी केंद्र दाढ़ी का जायजा लिया। इस अवसर पर सेवा समिति प्रबंधक सत्यनारायण डेहरे, सहायक समिति प्रबंधक हरीश चंद्राकर, बिरला कुंभकार, गिरधर चंद्राकर, मनोज साहू, योगेश चंद्राकर, धरमलाल सहित बड़ी संख्या में दाढ़ी क्षेत्र के कृषक उपस्थित रहे।

## कन्हैया विहार कॉलोनी में सहज राज योग शिविर जारी



**गुण्डरदेही।** ब्रह्मकुमारी शिव दर्शन भवन उप सेवा केंद्र अर्जुंदा चौक गुण्डरदेही के सानिध्य में कन्हैया विहार कॉलोनी में सात दिवसीय सहज राज योग शिविर में आध्यात्मिक लाभ लेने कॉलोनीवासी महिला बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

ब्रह्मकुमारी रेणुका बहन ने बड़े ही तर्क एवं सरल ढंग से बताया कि मनुष्य जन्म के समय सतोगुणी संस्कार का होता है, जिसके कारण उसे देखते ही व्यक्ति प्रफुल्लित हो जाता है, उसके बाद माता–पिता का जिसे खानदानी संस्कार कहते हैं। फिर संग दोष संस्कार जिसके लिए कहा गया है जैसा संग वैसा रंग फिर मनोबल संस्कार के हिसाब से उसका जीवन स्तर प्रदर्शित होता है, सकारात्मक संपर्क के वातावरण में रहना ही खुशहाल जीवन का मंत्र है। परस्थिति कितने भी प्रतिकूल हो, स्वयं की स्थिति अडिग होने पर व्यक्ति सामना करने में सक्षम होता है।

## करहीभदर में शुरू हुई धान खरीदी



**बालोद।** सेवा सहकारी विपणन मर्यादित समिति करहीभदर धान केन्द्र में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत करहीभदर लीलाराम डड़सेना, प्रबंधक सेवा सहकारी विपणन मर्यादित विपणन समिति करहीभदर लोकनाथ साहू, मंडी ठेकेदार करहीभदर भानूप्रताप साहू, देवधर साहू, गणेश राम साहू, भोमराज साहू, भुनेश्वर बर्सेल एवं रामदास ठाकुर, ब्यास नारायण गायकवाड, जागेसर साहू, अशोक साहू, रूपलाल साहू, करहीभदर, चिराईगोड़ी, मुजगहन, लिमोरा, के किसान एवं नागरिक, सेवा सहकारी समिति करहीभदर के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय में मना जनजातीय गौरव दिवस

**बालोद।** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में जनजाति गौरव स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर भोजराज नाग थे।




इस मौके पर महाविद्यालय के छात्र व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न मांगों पर ज्ञापन सौपा गया। जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता कल्पना बम्बोड़े, मनीषा राणा, अजय यादव द्वारा शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा व भक्त माता कर्मा कन्या महाविद्यालय बालोद में छात्रों के लिए ई-रिक्शा की मांग की गई। उक्त महाविद्यालय का स्थान शहर से काफी अंदर होने के कारण बस स्टैंड की दूरी लगभग एक से दो किलोमीटर पड़ जाती है। महाविद्यालय के आस पास कोई सुविधा नहीं है, महाविद्यालय के रास्ते में कुछ असामाजिक तत्व नशा व अभद्र व्यवहार भी करते नजर आते हैं। छात्रों की सुरक्षा व सुविधा को देखते हुए यहा मांग की गई। दूसरी मांग शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय के अतिरिक्त कक्षा निर्माण के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए थी। इसी तरह बालोद जिले के समस्त स्कूल कॉलेज में परामर्शदाता पद की नियुक्ति के लिए ज्ञापन दिया गया। इसके लिए बालोद जिले के निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एमएस डब्ल्यू क्षेत्र के व्यक्ति को प्राथमिकता दिए जाने की मांग की गई। साथ ही शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडी लोहारा में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति स्थापना व ग्राम भंडेरा में प्राचार्य पद की शीघ्र नियुक्ति की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

## जिपं सदस्य पुष्पेंद्र ने सीएम साय को सौंपा मांग पत्र

**बालोद।** गुण्डरदेही क्षेत्र के ग्राम भाठागांव बी में जनजाति गौरव दिवस एवं कंवर समाज के कार्यक्रम में पहुँचे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को क्षेत्र के भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने क्षेत्रीय विकास कार्यों के लिए ज्ञापन सौंपकर उनकी स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। उन्होंने ग्राम माहुद बी में मॉडलिंग जैत खंभ एवं भवन, सिकोसा में गुरु घासीदास सामुदायिक भवन के पीछे बाउंड्रीवॉल व कला मंच के जीर्णोद्धार, ग्राम कजराबांधा के आश्रित ग्राम चाराचार को स्वतंत्र पंचायत बनाने, मानिकपुरी पनिका समाज के ईष्टदेव चौरा में ग्रील निर्माण, ग्राम बिरेतरा में पीडीएस भवन निर्माण, इरागुड़ा में सतनाम मांगलिक भवन, ग्राम मोंगरी में मुख्य मार्ग से हाई स्कूल पहुँचने के लिये सीसी रोड निर्माण के लिए मांगपत्र सौंपा।







